## भारतीय अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण पहलू

1. भारतीय अर्थव्यवस्था कैसी है ?
(अ) पूंजीवादी अर्थव्यवस्था
(ब) साम्यवादी अर्थव्यवस्था
(स) स्वतंत्र अर्थव्यवस्था
(द) मिश्रित अर्थव्यवस्था
उत्तर : (द) SSC 2015

2. मिश्रित अर्थव्यवस्था से क्या अभिप्राय है ?
(अ) अर्थव्यवस्था में कृषि और उद्योग दोनों को बढ़ावा देना
(ब) सरकारी एवं निजी क्षेत्र का सह–अस्तित्व
(स) अमीर एवं गरीब का सह–अस्तित्व
(द) छोटे और बड़े उद्योगों का सह–अस्तित्व
उत्तर : (ब) SSC 2015

3. आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से भारत की गिनती होती है–
(अ) पिछड़े राष्ट्र के रूप में
(ब) विकसित राष्ट्र के रूप में
(स) विकासशील राष्ट्र के रूप में
(द) अर्द्धविकसित राष्ट्र के रूप में
उत्तर : (स)

4. भारतीय अर्थव्यवस्था का कौनसा क्षेत्र सफल राष्ट्रीय उत्पाद में सबसे अधिक योगदान है ?
(अ) प्राथमिक क्षेत्र (ब) द्वितीयक क्षेत्र
(स) तृतीयक क्षेत्र (द) सार्वजनिक क्षेत्र
उत्तर : (स)

5. बंद अर्थव्यवस्था वह अर्थव्यवस्था है जिसमें–
(अ) मुद्रास्फीति पूर्णतया नियंत्रित होती है
(ब) घाटे की वित्त व्यवस्था होती है
(स) केवल निर्यात होता है
(द) न तो निर्यात होता है, न आयात होता है
उत्तर : (द) UPPSC 2011

6. ऐसी अर्थव्यवस्था को क्या कहते हैं, जिसका शेष विश्व से कोई सम्बन्ध नहीं होता ?
(अ) समाजवादी अर्थव्यवस्था
(ब) संवृत/बंद अर्थव्यवस्था
(स) मुक्त अर्थव्यवस्था
(द) मिश्रित अर्थव्यवस्था
उत्तर : (ब) SSC 2014

7. वैश्वीकरण (ग्लोबलाईजेशन) का अर्थ है–
(अ) अर्थव्यवस्था का एकीकरण
(ब) वित्तीय बाजार का एकीकरण
(स) घरेलू अर्थव्यवस्था का वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ एकीकरण
(द) अर्थव्यवस्था के विभिन्न खंडों का एकीकरण
उत्तर : (स) SSC 2011

8. यह सत्य होगा कि भारत को परिभाषित किया जाए–
(अ) एक खाद्य की कमी वाली अर्थव्यवस्था के रूप में
(ब) एक श्रम अधिक्य वाली अर्थव्यवस्था के रूप में
(स) एक व्यापार अधिक्य वाली अर्थव्यवस्था के रूप में
(द) एक पूंजी अधिक्य वाली अर्थव्यवस्था के रूप में
उत्तर : (ब) BPSC 2008

9. किसी देश का आर्थिक विकास निर्भर करता है ?
(अ) प्राकृतिक संसाधन (ब) पूंजी निर्माण
(स) बाजार का आकार (द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द) SSC 2011

10. वैश्वीकरण (ग्लोबलाईजेशन) की प्रक्रिया से अभिप्राय है–
(अ) वैश्विक व्यापार गुटों की स्थापना करना
(ब) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में बाधाओं को समाप्त करना
(स) विश्व में एकल करेंसी लागू करना
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब) UPPCS 2017

11. भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्वीकरण का अर्थ है–
(अ) बाह्य ऋण का बढ़ना
(ब) भारतीय व्यापारिक इकाईयों को विदेशों में स्थापित करना
(स) दूसरे देशों के साथ आर्थिक सम्बन्धों पर लगे प्रतिबन्धों को यथासम्भव कम से कम करना
(द) आयात प्रतिस्थापन के कार्यक्रमों को त्याग देना
उत्तर : (स) UPPCS 2017

12. भारत में अधिकतर बेरोजगारी है–
(अ) तकनीक (ब) चक्रीय
(स) घर्षणात्मक (द) संरचनात्मक
उत्तर : (द)

13. भारत में बेरोजगारी के आँकड़े एकत्रित एवं प्रकाशित करता है–
(अ) योजना आयोग
(ब) वित्त आयोग
(स) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (NSSO)
(द) UNO
उत्तर : (स) UPPCS 2014

14. भारत में बेराजगारी की किस्म पायी जाती है–
(अ) ग्रामीण अल्प रोजगार
(ब) चक्रीय बेरोजगारी
(स) संरचनात्मक बेरोजगारी
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

15. कृषि में मूलतः किस प्रकार की बेरोजगारी की प्रधानता देखी जाती है ?
(अ) संरचनात्मक बेरोजगारी
(ब) खुली बेरोजगारी
(स) अदृश्य बेरोजगारी
(द) घर्षणात्मक बेरोजगारी
उत्तर : (स)

16. कृषि में बेरोजगारी का स्वरूप देखने को मिलता है–
(अ) संरचनात्मक बेरोजगारी
(ब) मौसमी बेरोजगारी
(स) घर्षणात्मक बेरोजगारी
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

17. प्रच्छन्न बेरोजगारी का अर्थ है–
(अ) काम करने के इच्छुक होना और काम न मिलना
(ब) पूरे वर्ष भर प्रत्येक दिन काम न मिलना
(स) विशाल श्रमिक शक्ति को नियोजित करने के लिए पूँजी का अपर्याप्त होना
(द) आवश्यकता से अधिक लोगों का कार्यरत होना
उत्तर : (द) SSC 2015

18. भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में कौन–सी बेरोजगारी सर्वाधिक पायी जाती है ?
(अ) मौसमी बेरोजगारी (ब) अदृश्य बेरोजगारी
(स) उपर्युक्त दोनों (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

19. वर्तमान समय में देश में किस प्रकार की बेरोजगारी की समरूता बहुत गंभीर समस्या बनी हुई है ?
(अ) ग्रामीण बेरोजगारी (ब) शहरी बेरोजगारी
(स) शिक्षित बेरोजगारी (द) खुली बेरोजगारी
उत्तर : (स)

20. संरचनात्मक बेरोजगारी का कारण है–
(अ) अवस्फीति की अवस्था
(ब) भारी उद्योग की अभिनति
(स) कच्चे माल की कमी
(द) अपर्याप्त उत्पाद क्षमता
उत्तर : (द) SSC 2000

21. प्रच्छन्न बेरोजगारी का अर्थ सामान्तयः है–
(अ) बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार रहते हैं
(ब) वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध नहीं है
(स) श्रम की सीमांत उत्पादकता शून्य
(द) श्रमिकों की उत्पादकता कम है
उत्तर : (स) SSC 2017

22. शहरी क्षेत्रों में आमतौर पर किस प्रकार की बेराजगारी दिखाई देती है ?
(अ) शिक्षित बेरोजगारी (ब) मौसमी बेरोजगारी
(स) प्रच्छन्न बेरोजगारी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) SSC 2017

23. किस प्रकार के बेरोजगारी में स्नातक तथा स्नातकोत्तर डिग्री वाले युवा नौकरियाँ प्राप्त नहीं कर पाते हैं ?
(अ) मौसमी बेरोजगारी (ब) प्रच्छन्न बेरोजगारी
(स) शैक्षिक बेरोजगारी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) SSC 2017

24. .................बेरोजगारी तब होती है जब लोगों को वर्ष के कुछ महीनों के दौरान रोजगार नहीं मिल पाता है ?
(अ) शिक्षित (ब) संरचनात्मक
(स) मौसमी (द) पूर्ण
उत्तर : (स) SSC 2017

25. 'प्रच्छन्न बेरोजगारी' को और किस नाम से जाना जाता है ?
(अ) अल्प रोजगार
(ब) संघर्ष संबंधी बेरोजगारी
(स) मौसमी बेरोजगारी
(द) चक्रीय बेरोजगारी
उत्तर : (अ) SSC 2017

26. प्रच्छन्न बेरोजगारी निम्न में से किसकी एक विशेषता है–
(अ) उद्योग की (ब) व्यापार की
(स) कृषि की (द) यातायात की
उत्तर : (स) UPPCS 2013

27. निम्नलिखित में से कौन भारत में गरीबी रेखा का निर्धारण करता है ?
(अ) केंद्रीय मंत्रिमंडल (ब) लोक सभा
(स) राज्य सभा (द) नीति आयोग
उत्तर : (द) UPPCS 2018

28. भारत के किस राज्य में गरीबों का प्रतिशत सबसे अधिक है ?
(अ) बिहार (ब) छत्तीसगढ़
(स) ओड़िशा (द) झारखण्ड
उत्तर : (ब)

29. अल्पविकसित देशों में गरीबी का मुख्य कारण है–
(अ) स्वैच्छिक निष्क्रियता
(ब) आय में असमानता
(स) सांस्कृतिक गतिविधियों का अभाव
(द) लोगों में बुद्धि का अभाव
उत्तर : (ब) SSC 2010

www.rajstudents.com

30. भारत में निर्धनता के स्तर का आकलन किया जाता है–
(अ) विभिन्न राज्यों में प्रति व्यक्ति आय के आधार पर
(ब) परिवार की औसत आय के आधार पर
(स) परिवार के उपभोग व्यय के आधार पर
(द) देश की मलिन बस्तियों के आधार पर
उत्तर : (स) UPPCS 2012

31. मुख्यतः गरीबी उन्मूलन हेतु निम्नलिखित में से किस प्रधानमंत्री ने मूल रूप से 'बीस सूत्री कार्यक्रम' प्रारम्भ किया था ?
(अ) जवाहरलाल नेहरु
(ब) लालबहादुर शास्त्री
(स) विश्वनाथ प्रताप सिंह
(द) इन्दिरा गांधी
उत्तर : (द) UPPCS 2017

32. निम्नलिखित में से किस राज्य को अत्यधिक कुपोषण के कारण 'भारत का इथियोपिया' कहा जाता है ?
(अ) बिहार (ब) मध्य प्रदेश
(स) झारखंड (द) ओड़शा
उत्तर : (ब) UPPCS 2010

33. निम्नलिखित में से कौनसा एक सूचकांक भारत में गरीबी की तीव्रता की माप के लिए सबसे उपयुक्त है ?
(अ) मानव विकास सूचकांक
(ब) लिंग असमानता सूचकांक
(स) मानव गरीबी सूचकांक
(द) बहुआयामी गरीबी सूचकांक
उत्तर : (द) UPPCS 2015

34. मानव विकास सूचकांक किसने बनाया था ?
(अ) UNCTAD (ब) ASEAN
(स) IBRD (द) UNDP
उत्तर : (द) SSC 2012

35. मानव विकास सूचकांक (HDI) किस अर्थशास्त्री की देन है ?
(अ) एडम स्मिथ (ब) अमर्त्य सेन
(स) कीन्स (द) महबूब–उल–हक
उत्तर : (द)

36. निम्नलिखित में से कौनसा मानव विकास सूचकांक का हिस्सा नहीं है ?
(अ) स्वास्थ्य एवं पोषण
(ब) प्रति व्यक्ति आय
(स) जन्म के समय जीवन प्रत्याशा
(द) सकल नाम निवेश दर
उत्तर : (द) UPPCS 2009

37. कुटीर ज्योति योजना संबंधित है–
(अ) ग्रीमण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन देना
(ब) ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारों को रोजगार देना
(स) ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने से
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (स)

38. मानव विकास सूचकांक (HDI) का आधार क्या है ?
(अ) स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, जीवन स्तर
(ब) स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार
(स) स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन स्तर
(द) शिक्षा, रोजगार, जीवन स्तर
उत्तर : (स) MPPSC 2015

39. राज्यस्तरीय मानव विकास रिपोर्ट जारी करने वाला प्रथम राज्य है–
(अ) केरल (ब) राजस्थान
(स) मध्य प्रदेश (द) उत्तर प्रदेश
उत्तर : (स)

40. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) की मानव विकास रिपोर्ट की तर्ज पर भारत की पहली मानव विकास रिपोर्ट कब जारी किया गया ?
(अ) अप्रैल, 2000 (ब) अप्रैल, 2001
(स) अप्रैल, 2002 (द) अप्रैल, 2003
उत्तर : (स)

41. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) की मानव विकास रिपोर्ट में भारत को किस श्रेणी में रखा गया है ?
(अ) उच्च मानव विकास श्रेणी
(ब) मध्यम मानव विकास श्रेणी
(स) निम्न मानव विकास श्रेणी
(द) अति निम्न मानव विकास श्रेणी
उत्तर : (ब)

42. निम्नलिखित में से कौनसा 'मानव विकास सूचकांक' का माप नहीं है ?
(अ) जीवन प्रत्याशा (ब) लिंग अनुपात
(स) साक्षरता दर (द) सकल नामांकन
उत्तर : (ब) SSC 2017

43. निम्नलिखित में से कौनसा एक असमाानता घटाने का उपाय नहीं है ?
(अ) न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम
(ब) अर्थव्यवस्था का उदारीकरण
(स) करारोपण
(द) भूमि सुधार
उत्तर : (ब) UPPSC 2009

www.rajstudents.com

44. ऐसी अर्थव्यवस्था को क्या कहते है, जिसका शेष विश्व से कोई सम्बन्ध नहीं होता ?
(अ) समाजवादी अर्थव्यवस्था
(ब) संवृत/बंद अर्थव्यवस्था
(स) मुक्त अर्थव्यवस्था
(द) मिश्रित अर्थव्यवस्था
उत्तर : (ब) SSC 2014

www.rajstudents.com